तुझको मेरी मैया जब जानू

तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

आने को तो दिल मेरा करता पैसा पास नहीं है,
मेरी टिकट कटा दो तो जानू,
तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

खाने को तो दिल मेरा करता कोई साथ नहीं है,
मुझे जोड़े से बुला लो तो जानू,
तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

खाने को तो दिल मेरा करता कपड़ा पास नहीं है,
मुझे चुनरी उड़ा दो तो जानू,
तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

तेरे भवन की ऊंची नीची सीढ़ी चढ़ा ना उतरा जाए,
मेरा हाथ पकड़ लो तो जानू,
तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

तू ही दुर्गा तू ही काली तू ही वैष्णो माता,
मेरी बिगड़ी बना दो तो जानू,
तुझको मेरी मैया जब जानू,
मुझे दर पर बुला लो तो जानू॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26045/title/tujhko-meri-mayia-jab-jaanu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |